तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज अभयसिंह चौहान बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार शेरगढ) सू.अ.अ. अपील संख्या 70 / 2020	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.06..20	दिनांक 23.03.2020 से दिनांक 31.05.20 तक लोकडाउन घोषित रहीं। संक्षित में अपील इस प्रकार है कि अपीलार्थी अभयसिंह चौहान पता पहाड़गंज कॉलानी– द्वितीय, मण्डोर रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 11.01..20 में उसके द्वारा (1) ग्राम हिन्कुड़ी ग्राम पंचायत भोमसागर हलका पटवारी चाबा शेरगढ के सभी किसानों की वर्ष 2019–20 देय कृषि आदान अनुदान सहायता सूचियों व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार शेरगढ) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार शेरगढ) से आज दिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	